**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1569**
**गुरुवार, 13 फरवरी, 2025/ 24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## होशंगाबाद में हवाई पट्टी का निर्माण

**1569. श्री दर्शन सिंह चौधरीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार आगामी वर्षों में होशंगाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के मटकुली/पचमढ़ी में हवाई पट्टी बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): पचमढ़ी में अवस्थित हवाईपट्टी मध्य प्रदेश राज्य सरकार के अध्यधीन है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को होशंगाबाद के मटकुली/ पचमढ़ी में नए हवाईअड्डे के निर्माण के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

'उड़ान' योजना के प्रावधानों के अनुसार, मौजूदा असेवित और अल्पसेवित हवाईपट्टियों का पुनरुद्धार/ स्तरोन्नयन, वैध बोली के माध्यम से उन्हें चिह्नित करके और एसएओ (चयनित एयरलाइन प्रचालक) को अवार्ड करके किया जाता है।

उड़ान 4.2 के दौरान, पचमढ़ी हवाईअड्डे को 'उड़ान' योजना के तहत आरसीएस उड़ानों के विकास और परिचालन के लिए चिह्नित किया गया था। पचमढ़ी को इंदौर से जोड़ने वाला आरसीएस मार्ग फ्लाईबिग को अवार्ड किया गया है और हवाईअड्डे के विकास के लिए 45 करोड़ रुपए की विकास निधि आवंटित की गई है। तथापि, दिसंबर, 2022 से एनजीटी में लंबित मामले के कारण कोई भी प्रगति वर्तमान में रुकी हुई है।

*****